मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-251
15/08/2024

मुख्यमंत्री ने अपने सरकारी आवास पर झंडोत्तोलन किया

पटना, 15 अगस्त 2024 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज सुबह अपने सरकारी आवास 1 अणे मार्ग में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया एवं संयुक्त टुकड़ी की सलामी ली।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, अपर पुलिस महानिदेशक, विशेष शाखा श्री सुनील कुमार सहित अन्य वरीय प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

******